पांचवें वेतन आयोग का गठन

*193. **प्रो० विजय कुमार मलहोत्रा :**
श्री इकबाल सिंह :

क्या वित्त मंत्री 7 दिसम्बर, 1993 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 503 के दिए गए, उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पांचवे वेतन आयोग का गठन किया गया है ;

(ख) यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं ;

(ग) आयोग का गठन कब तक किए जाने की संभावना है ;

(घ) आयोग से कब तक अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए कहा जाएगा ; और

(ड.) वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू किये जाने की तिथि (कट आफ डेड) क्या होगी ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० बी० चन्द्रशेखर मूर्ति) (क) से (ग) सरकार ने एक नया वेतन आयोग गठित करने का निर्णय किया है। कर्मचारी पक्ष ने इच्छा व्यक्त की थी कि आयोग के विचारार्थ विषयों के बारे में उनसे परामर्श किया जाय । कर्मचारी पक्ष के विचार जानने के लिए 3 नवम्बर, 1993 और 29 दिसम्बर, 1993 को बैठकें आयोजित की गई । आयोग के विचारार्थ विषय विचाराधीन हैं ।

(घ) प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए विशिष्ट समय निधारित करने की परम्परा नहीं है ।

(ड.) वेतन आयोग का प्रतिवेदन उपलब्ध होने के बाद स्वीकृत सिफारिशों को लागू करने की तारीख निर्धारित की जाएगी ?

ग्राम पंचायतों में संचार प्रणाली

*194. **श्री राम नरेश यादव :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संचार-प्रणाली का प्रत्येक ग्राम पंचायत तक विस्तार करने के लिए सरकार ने कोई नई योजना बनाई है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ख) देश में समस्त ग्रामों में इस सुविधा को कब तक उपलब्ध करवा दिए जाने की संभावना है ; और

(ग) क्या सरकार उपभोक्ताओं को टेलीफोनों में दोष आ जाने से होने वाली परेशानियों से बचाने के लिए इनमें कमी करने के लिए कदम उठाने का विचार रखती है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम): (क) जी हां । सरकार ने उत्तरोत्तर रुप से 31 मार्च, 1995 तक सभी पंचायत गांवों को टेलीफोन सुविधा प्रदान करने की नीति अपनायी है, बशर्ते कि संसोधन उपलब्ध हों ।

(ख) 2000 ई० तक ।

(ग) जी हां । निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं :—

(i) आवश्यक अवसंरचनात्मक सुविधायें, यथा वाहन, स्टाफ, फालतू पुर्जे और टेस्टिंग उपकरण नियमित रूप से प्रदान किए जाते हैं ।

(ii) उपस्करों के निष्पादन का समुचित नियंत्रण और प्रबोधन किया जा रहा है ।

(iii) ग्रामीण नेटवर्क में अधिक विश्वसनीय माध्यम, उदाहरणार्थ नवीनतम प्रौद्योगिकी युक्त रेडियो उपस्कर को शामिल किया जा रहा है ।